मिसिल सं. ए-22015/02/2014-स्टोर-1
भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालयत
(चिकित्सा भण्डार संगठन)

स्कंध-6, पश्चिमी ब्लॉक-1,
रामा-कृष्णा पुरम, नई दिल्ली-110066
दिनांक: 19/02/2021

*परिपत्र*

विषय:- स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के चिकित्सा भण्डार संगठन मे केन्द्रीय सरकार के वरिष्ठ लेखा अधिकारी स्तर के सेवानिवृत्त अधिकारियों की संविदा आधार पर परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति।

चिकित्सा भ्सण्डार संगठन (एम.एस.ओ.), केन्द्रीय सरकार के वरिष्ठ लेखा अधिकारी स्तर के सेवानिवृत्त अधिकारियों से, वॉ-इन-इंटरव्यू के माध्यम से, संविदा आधार पर परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। परामर्शदाता की नियुक्ति से संबंधित निवंधन और शर्तो की विस्तृत जानकारी <u>अनुबंध-1</u> मे दी गई हैं। पात्रता के मानदंड और अन्य विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| i | संविदा आधार पर नियुक्त किए जाने वाले परामर्शदाताओं की संख्या | 01 (एक) |
| ii | आयु सीमा | परिपत्र जारी करने की तारीख को अधिकतम 65 वर्ष |
| iii | नियुक्ति का स्थान | चिकित्सा भण्डार संगठन, सेक्टर-1, रामा-कष्णा पुरम, नई दिल्ली-110066 |
| iv | संविदा की अवधि | 01 वर्ष (एक वर्ष) |
| v | पात्रता मानदंड | केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय/विभाग से सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखा अधिकारी, जिन्हें लेखा, बजट, लेखापरीक्षा का कार्यों का अच्छा अनुभव है। |
| vi | कार्य | <u>अनुबंध-।।</u> मे दिए गए मामलों में चिकित्सा भण्डार संगठन (एम.एस.ओ.)/सरकारी चिकित्सा भण्डार डिपो को सहायता प्रदान करना। |

2 इच्छुक व्यक्ति, जो बुलाए जाने पर तुरन्त कार्यभार ग्रहण करने की स्थिति मे है, इस परिपत्र के जारी होने के 03 सप्ताह के अन्दर, पी.पी.ओ. की एक प्रति सहित अपने विवरण, संलग्न फॉरमेट मे admn.st.mso@gmail.com पर ई-मेल द्वारा (पी.डी.एफ. मे), 'उपनिदेशक (प्रशासन), चिकित्सा भण्डार संगठन, स्कंध-6, प्रथम तल, पश्चिमी ब्लॉक-1, रामा-कृष्णा पुरम, नई दिल्ली-110066' को संबोधित करते हुए भेज सकते है।

योगेन्द्र

(योगेन्द्र कुमार)
उपनिदेशक प्रशासन

सेवा में,

इस परिपत्र को अपनी-अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु अनुरोध के साथ:-

I राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एन.आई.सी.), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय।
II उप निदेशक (सामान्य), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय।
III चिकित्सा भण्डार संगठन की वेबसाइट।

अनुबंध- I

संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु अन्य शर्तें और निबंधन निम्नवत हैं:

1. परामर्शदाता को नियंत्रण अधिकारी द्वारा सौंपे गए कार्यों का निष पादन करना होगा

2. सामान्य कार्यालय समय सोमवार से शुक्रवार, प्रातः 9:30 बजे से लेकर सांय 6:00 बजे तक होगा, जिसमें अपराह्न 1:30 बजे से 2:00 बजे तक 30 मिनट का लंच ब्रेक शामिल है।

3. परामर्शदाता नियुक्ति की एक वर्ष की अवधि के दौरान, पूर्व में अनुमति से, 08 दिन का आकस्मिक अवकाश लेने का हक़दार होगा।

4. विशेष परिस्थितियों में परामर्शदाता को अवकाश के दौरान या सामान्य कार्यालय समय के बाद भी सेवाओं के लिए बुलाया जा सकता है।

5. चिकित्सा भण्डार संगठन में संविदात्मक नियुक्ति अधिकतम एक वर्ष के लिए है, जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है।

6. परामर्शदाता को फॉर्मूले के अनुसार उनके अंतिम आहरित वेतन में से पेंशन घटाकर, टीडीएस आदि के अधीन, अधिकतम 65,000/-रूपये प्रति माह के समेकित पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। एक माह में दी गई सेवाओं के पारिश्रमिक का भुगतान उसके अगले माह में किया जाएगा। कार्यालयी दौरों के लिए टीए/डीए के अलावा अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा। यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता वही दिया जाएगा जिसके वह सेवानिवृत्ति के समय हक़दार थे।

7. चिकित्सा भण्डार संगठन को परामर्शदाता द्वारा दी जा रही सेवाओं की जांच/समीक्षा करने का अधिकार होगा।

8. परामर्शदाता अपने कार्य अपेक्षित संपूर्ण कौशल, मेहनत, दक्षता और मितव ययिता से निष पादित करेंगे।

9. चिकित्सा भण्डार संगठन द्वारा उन्हें किसी भी तरह की कोई चिकित्सीय सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी। चिकित्सा कवर का लागत तत व, यदि कोई है, को पारिश्रमिक में शामिल माना जाएगा

10. परामर्शदाता को यात्रा सहित सौंपे गये कार्यों के निष्पादन के दौरान या उसके बाद होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति, दुर्घटना, नुकसान/चोट के लिए चिकित्सा भण्डार संगठन ज़िम्मेदार नहीं होगा

11. परामर्शदाता अपने सेवाकाल के दौरान ऐसे किसी पेशेवर क्रियाकलाप का निजी कारोबार नहीं करेंगे जो सरकारी हित के विरुद्ध हो

12. परामर्शदाता सभी कार्यालयी जानकारियों को गोपनीय रखेंगे और उनका उपयोग केवल सरकारी कार्यों के निष्पादन के लिए करेंगे ।

13. नियुक्ति को किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर समाप्त किया जा सकता है।

**अनुबंध-II**

परामर्शदाता स्‍ टोर-V अनुभाग, चिकित्‍ सा भंडार संगठन के लिए जिम्‍ मेदार होंगे और उन्‍ हें निम्‍ नलिखित कार्य सौंपे जाएंगे:

(i) चिकित्‍ सा भंडार संगठन और सभी 7 सरकारी चिकित्‍ सा भंडार संगठनों के बजट आबंटन एवं सभी व्‍ यय मंजूरियों का कार्य संभालना ।

(ii) ऑडिट पैराओं का उत्‍ तर देना और स्‍ टोर-V द्वारा देखी जा रही मासिक/त्रैमासिक व्‍ यय रिपोर्टों का कार्य ।

(iii) आहरण एवं संवितरण(डीडीओ), चिकित्‍ सा भंडार संगठन(एमएसओ) का कार्य ।

(iv) पीएफएमएस के माध्‍ यम से क्रियान्वित किये जाने वाले वेतन, बकाया, चिकित्‍ सा प्रतिपूर्ति, एलटीसी दावे/अग्रिम, अवकाश नकदीकरण, टीए/डीए, आकस्मिक(व्‍ यय) बिल, संविदा बिल, टेलीफोन बिल, कैंटीन बिल, पानी के बिल, वाहन बिल ।

(v) संपदा निदेशालय ई-आवास पर लाइसेंस शुल्‍ क अपलोड करना ।

(vi) बजट अनुमान-संशोधित अनुमान(एमएसओ), त्रैमासिक और वार्षिक टीडीएस रिटर्न के लिए वित्‍ तीय तालिकाओं का कार्य।

(vii) टीडीएस और बजट शीर्ष का त्रैमासिक और वार्षिक मिलान कार्य ।

(viii) आयकर की गणना और फार्म 16 जारी करने का कार्य।

(ix) जेम पोर्टल के माध्‍ यम से एमएसओ(मुख्‍ यालय) के लिए सरकारी खरीद ।

(x) यूटिलिटी सेवाओं के लिए मंजूरी/बिल तैयार करने और भुगतान का कार्य ।

(xi) भविष्‍ य पोर्टल के माध्‍ यम से ऑनलाइन पेंशन दस्‍ तावेज तैयार करना।

(xii) लेखनसामग्री, फर्नीचर, उपकरण और अन्‍ य स्‍ टॉक का रिकार्ड रखना और स्‍ टॉक रजिस्‍ टर का रख-रखाव।

(xiii) सभी बिलों, बिल रजिस्‍ टरों और व्‍ यय रजिस्‍ टरों, पीबीआर, आरटीआई शुल्‍ क का रिकार्ड तैयार करना और उनका रख-रखाव

(xiv) उपमहानिदेशक(भंडार), एमएसओ द्वारा सौंपे गये अन्‍ य कार्य ।

**स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के चिकित्सा भण्डार संगठन (एमएसओ) में संविदा आधार पर परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति हेतु आवेदन प्रपत्र**

अपनी हालिया पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं।

पद जिसके लिए आवेदन किया है: ____________________

नाम ____________________

पिता का नाम ____________________

जन्मतिथि ____________________

आधार संख्या ____________________

सेवानिवृत्ति का तिथि ____________________

विभाग जहाँ से सेवानिवृत्त हुए ____________________

अंतिम धारित पद ____________________

पीपीओ सं. ____________________

अंतिम आहरित वेतन(मूल) ____________________

मूल पेंशन ____________________

दूरभाष संख्या ____________________

मोबाइल संख्या ____________________

ई-मेल का पता ____________________

डाक का पता ____________________

स्थायी पता ____________________

____________________

शैक्षिक अर्हता ____________________

____________________

कार्य का अनुभव ( यदि आवश्यक हो तो अलग से पन्ना जोड़े)

| **संगठन/संस्थान** | **अवधि** | | **कार्य की प्रकृति** | **अभ्युक्तियां** |
|---|---|---|---|---|
| | से | तक | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि इस आवेदन में दी गई सूचना, आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख को, सत्य और सही है । मैं समझता/समझती हूं कि सूचना छिपाने या गलत सूचना देने पर नियुक्ति से इंकार/रोज़गार समाप्त करने/नागरिक दंड लगाने में परिणीत हो सकता है।

स्थान

दिनांक

(हस्ताक्षर)